## जगह-जगह विराजे भगवान गणेश...


मनेन्द्रगढ़ शहर से लगे हनुमानपारा चनवारीडांड़ में विराजे गणपति।


श्री गणेश पूजा सोनी लाइन विवेकानंद कालोनी में विराजे भगवान गणेश।


सार्वजनिक गणेश पूजा समिति विवेकानंद ग्राउंड चरचा में विराजे भगवान गणेश।


ग्राम पंचायत सरडी पण्डोपारा में विराजे भगवान श्री गणेश।


श्री गणेश पूजा सुभाष नगर इलेक्ट्रिक पावर रोड में विराजे भगवान गणेश।


श्री गणेश पूजा पंडाल वार्ड नंबर 5 सुभाष नगर चरचा में विराजे भगवान गणेश।


पुलिस चौकी सेवा समिति कटकोना में विराजे भगवान गणेश।


तुलसी मोहल्ला गणेश पूजा समिति वन कटकोना में विराजे भगवान गणेश।


तुलसी चौक सेवा समिति कटकोना में विराजे भगवान गणेश।


हनुमान चौक गणेश पूजा समिति कटकोना।


श्री श्री गणेश पूजा समिति टाइप टू चौक कटकोना।

### प्रतिदिन पूजा-अर्चना एवं आरती के कारण सभी ओर भक्ति का माहौल

# बालक आश्रम चैनपुर में गणेशोत्सव की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

एकलव्य वनवासी बालक आश्रम चैनपुर में गणेशोत्सव के अवसर पर विभिन्न मंडलियों द्वारा परंपरागत भजन-कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया गया। चिरईपानी, सिरौली और मनेन्द्रगढ़ की मंडलियों ने भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान नगर के श्रद्धालु एवं आश्रम के पदाधिकारी भक्ति भाव से ओत-प्रोत नजर आए। विनोद शुक्ला ने कहा कि भगवान के जन्मोत्सव के माध्यम से समाज को अध्यात्म से जोड़ने और बच्चों में संस्कार शिक्षा बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

समाजसेवी जगदंबा अग्रवाल ने बताया कि गणेश चतुर्थी पर भक्ति मय कार्यक्रमों का आयोजन कर बच्चों और युवाओं को परंपरा से जोड़ा जा रहा है। महिलाओं ने भी एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जगदंबा अग्रवाल, आरडी दीवान, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी, पार्षद ओम प्रकाश जायसवाल, सुनैना विश्वकर्मा, सुशीला सिंह, कृष्णकांत ताम्रकार, जसपाल सिंह कालरा, हरभजन सिंह, भूपेन्द्र सिंह, रघुवीर सिंह, टी. विजय गोपाल राव, सतीश उपाध्याय, नरोत्तम शर्मा, कमलू सिंह मार्को, विवेक तिवारी, सुमन अग्रवाल, ममता राणा, माहेश्वरी सिंह, सुधा सोनी, भावना गुप्ता, रुचि गुप्ता, मालती अग्रवाल, रीता राजवाड़े, नैना विश्वकर्मा सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## चहुंओर गणेश पूजा की धूम

बैकुण्ठपुर। प्रथम पूज्य भगवान गणेश की चतुर्थी तिथि से मूर्ति स्थापना कर जगह-जगह पूजा-अर्चना की जा रही है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचल में गणेश पूजा की धूम है। प्रतिदिन पूजा-अर्चना एवं आरती के कारण सभी ओर भक्ति का माहौल बना हुआ है। पूजा पंडालों में भक्ति के गीत गुंज रहे हैं। इस दौरान विभिन्न पूजा समितियों के द्वारा विविध तरह के धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। कुछ जगहों पर जगराता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं, इसके अलावा प्रतिदिन किसी न किसी पूजा पंडाल में भोग भंडारा का कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, इसके चलते पूजा पंडालों में प्रतिदिन भक्तों की भीड़ जुट रही है, इसके अलावा कई श्रद्धालुओं के द्वारा अपने घरों में भी गणेश प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान के साथ पूजा -अर्चना किया जा रहा है और पंचमी तिथि से मूर्ति विसर्जन का क्रम भी शुरू हो गया। आज सप्तमी तिथि पर से मूर्ति विसर्जन का क्रम शुरू हो जाएगा। विसर्जन को लेकर भी श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जाता है। बाजे-गाजे के साथ विसर्जन कार्यक्रम संपन्न किए जाते हैं।



## पंडालों में हो रहे विविध आयोजन



बरबसपुर। भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापना कर बीते 27 अगस्त से जिलेभर में पूजा-अर्चना की जा रही है। इस दौरान विविध धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। इसीक्रम में ग्राम बरबसपुर में भी गणेश पूजा की धूम मची हुई है। यहां भी प्रतिदिन गणेश जी की पूजा-अर्चना की जा रही है। यहां बाजारपारा में स्थापित पूजा पंडाल में आयोजित कार्यक्रम में छोटे बच्चों द्वारा हलवा पूरी का भोग भगवान गणेश को लगाया गया और प्रसाद का वितरण किया गया। इसके अलावा ग्राम बरबसपुर के बस्ती में भी छठवें दिवस गणेश पूजा पंडाल में कार्यक्रम आयोजित कर हलवा पुरी का भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया। उक्त दोनों जगहों पर आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग शामिल रहे।

## कुड़ेली सरभोका चौक पर प्रतिमा स्थापना

बैकुण्ठपुर। जिले के विकासखंड बैकुंठपुर के ग्राम कुड़ेली सरभोका चौक पर स्वर्गीय फलेन्द्र सिंह की प्रतिमा स्थापित किए जाने का निर्णय परिवार द्वारा लिया गया। निर्णय उपरांत सोमवार को विधि-विधान से भूमिपूजन संपन्न हुआ। स्व. श्री सिंह कोरिया जिले के जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुके थे, तथा राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य भी रहे। वह जिले के कद्दावर आदिवासी नेता माने जाते थे। उनके विचार सदैव सर्वसमाज के हित में रहते थे। वे द्वेष की राजनीति से दूर रहकर सहयोग और विकास को प्राथमिकता देने के लिए जाने जाते थे। राजनीतिक जीवन में धैर्यवान और संतुलित व्यक्तित्व के कारण वह विपक्षी नेताओं के बीच भी सम्मान पाते थे। जिला पंचायत कोरिया के पहले चुनाव में वे टॉस के अंतर से हार गए थे, लेकिन दूसरे चुनाव में उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष का पद हासिल कर पूरे 5 वर्षों तक त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के सुदृढ़ क्रियान्वयन के लिए काम किया।



## जैन मंदिर में भक्ति व सरलता का संगम

मनेन्द्रगढ़। शहर के मध्य स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में दशलक्षण पर्व के तीसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म का उत्सव पूरे हर्षोल्लास और धार्मिक भावनाओं के साथ मनाया गया। प्रातः 7 बजे मूल नायक 1008 श्री पार्श्वनाथ भगवान को विराजमान कर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक एवं शांति धारा की। इस पावन अनुष्ठान में काफी संख्या में जैन धर्मावलंबी परिवार सहित सम्मिलित हुए, इसकेपश्चात संगीतमय भक्ति वातावरण में भगवान की पूजा-अर्चना संपन्न हुई। पर्व के संबंध में पार्षद कृतिका रवि जैन ने कहा कि जब मनुष्य अपने भीतर से कपट, चोरी और धोखे जैसे भावों को त्यागकर सरल और विनम्र स्वभाव को अपनाता है, तभी उसे उत्तम आर्जव धर्म कहा जाता है, जो दूसरों को धोखा देता है, वह वास्तव में स्वयं को ही हानि पहुंचाता है। श्रद्धालुओं के विचार संजय जैन (समाजसेवी) दशलक्षण पर्व हमें आत्म शुद्धि का अवसर देता है।




ग्राउंडपारा गणेश पूजा समिति कटकोना कॉलरी।


200 माइंस चौक पूजा समिति कटकोना कॉलरी में विराजे भगवान गणेश।


200 माइंस सेवा समिति कटकोना में विराजे भगवान गणेश।


बरगद मोहल्ला पूजा समिति कटकोना में विराजे भगवान श्रीगणेश।


चौरसिया चौक सेवा समिति कटकोना में विराजे भगवान गणेश।

## प्रतियोगिता से बच्चों में निखरती है प्रतिभा




मनेन्द्रगढ़। प्रतियोगिताओं से बच्चों की प्रतिभा निखरती है, इससे नई प्रतिभाओं को सामने आने का अवसर मिलता है उनका बौद्धिक विकास होता है। जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में आयोजित सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली नव्या गुप्ता को पुरस्कार राशि 7000 जो वंदना शिशु शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल जनकपुर की छात्रा हैं। वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त शिवेन्द्र तिवारी को 5000 दिया गया, जो आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल जनकपुर के छात्र हैं। वंदना शिशु शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल जनकपुर की प्राचार्य नीरजा सिंह ने कहा कि हम अपने विद्यालय के प्रत्येक छात्र-छात्राओं पर पूरा ध्यान देते हैं और प्रयास करते हैं कि वे बेहतर प्रदर्शन करें हमारे विद्यालय के लिए यह गौरव का क्षण है कि हमारे विद्यालय की छात्रा ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विदित हो कि विगत दिवस आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल मनेन्द्रगढ़ में संयुक्त कलेक्टर इंदिरा मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसमें प्रथम व द्वितीय स्थान जनकपुर के छात्र-छात्रा को मिला और तृतीय स्थान पर कुमारी साक्षी सिंह मनेन्द्रगढ़ रहीं।

## गर्ल्स स्कूल में रजत जयंती वर्ष पर एलुमनी बैठक

बैकुण्ठपुर। शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में रजत जयंती के अवसर पर एलुमनी बैठक का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता के मार्गदर्शन एवं संस्था के प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता के निर्देशन में संपन्न हुआ। बैठक में भूतपूर्व एवं वर्तमान छात्राओं-शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

वर्षों बाद एक मंच पर मिले पूर्व छात्राओं ने अपने अनुभव साझा कर पुरानी यादों को ताजा किया। कार्यक्रम में श्रीमती उषा राय, श्रीमती मीना सिंह, श्रीमती पुष्पा सिंह, श्रीमती मीनाक्षी जायसवाल एवं श्रीमती कानन गुप्ता ने अपने छात्र जीवन के संस्मरण साझा किए। सभी ने विद्यालय के अनुशासन, शिक्षा व्यवस्था एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन को जीवन की सफलता का आधार बताया। हाल ही में 2024-25 में पास आउट हुई छात्राएं



कुमारी सारिता राजवाड़े, कुमारी दीपशिखा राजवाड़े, कुमारी सयोगिता ठाकुर एवं कुमारी अनुराधा जायसवाल सहित अन्य छात्राओं ने भी विद्यालय के विकास, अनुशासन एवं गुरूजन के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम की प्रभारी सुश्री साहिस्ता अंजुम अली, सहयोगी शिक्षिकाएं श्रीमती अन्नपूर्णा शर्मा व मीनाक्षी जायसवाल ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर व्याख्याता विपिन कुमार मिश्रा, श्रीमती स्वीटी मिश्रा एवं श्रीमती अंकिता चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

## प्री-आरडीसी के लिए कोरिया व एमसीबी से स्वयंसेवक चयनित



बैकुण्ठपुर। जिले के रामानुज मिनी स्टेडियम में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2025-26 के लिए जिला स्तरीय चयन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम राज्य रासेयो अधिकारी डॉ. नीता बाजपेयी, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एसएन पाण्डेय के निर्देशन तथा जिला संगठक डॉ. एमसी हिमधर के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। परेड, कमांडिंग, दौड़, शारीरिक परीक्षण व सांस्कृतिक प्रस्तुति के आधार पर चयन समिति ने स्वयंसेवकों का चयन किया। कोरिया जिले से चयनित सुशील कुमार, कुमारी दिव्या नायक रामानुज महा विद्यालय बैकुंठपुर, संजीव कुमार पटना महा विद्यालय, कुमारी रानू साहू सोनहत, कुमारी प्रियंका नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर रही। एमसीबी जिले से चयनित- निलेश खलखो, कुमारी वंदना केबी पटेल कॉलेज सरभोका, सूरज कुमार, कुमारी मानसी, कुमारी जानकी लाहिड़ी पीजी कॉलेज चिरमिरी।

ये चयनित स्वयंसेवक अब विश्वविद्यालय स्तरीय प्री-आरडीसी चयन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे, जो राजीव गांधी पीजी महाविद्यालय अंबिकापुर में होगा। अग्रणी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एमसी हिमधर सहित कार्यक्रम अधिकारियों व वरिष्ठ स्वयंसेवकों ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी।

न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)
ईकोर्ट रा.प्र.क्र. ../अ-6/2024-25
//ईश्तहार//

सर्व साधारण ग्राम सलका प.ह.नं. 12 तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है, श्री संजीव कुमार चक्रवर्ती पिता प्रदीप चक्रवर्ती निवासी वार्ड क्र. -16 हल्दीबाड़ी चिरमिरी जिला एम.सी.बी. द्वारा मुख्तार आम श्री दीपक कुमार शर्मा पिता सुमेश्वर प्रसाद तिवारी निवासी वार्ड नं.-07 अग्रवाल सिटी धौराटिकरा बैकुण्ठपुर जिला कोरिया द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम सलका प.ह.नं.-12 तहसील बैकुण्ठपुर स्थित व्यपवर्तित भूमि ख.नं. 231/3 रकबा 0.0400 हे. को अनावेदक ओम शेखर विश्वकर्मा पिता जी.पी. विश्वकर्मा निवासी मकान नं. 05 वार्ड नं.-06 खुटहनपारा बैकुण्ठपुर तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया को विक्रय करने की अनुमति देने का निवेदन किया गया है।

अतः उक्त संबंध हित रखने वाले व्यक्तियो को यदि कोई आपत्ति हो, तो वे दिनांक 06/09/25 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

तहसीलदार
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)

## 1984 बैच मित्रों का मिलन समारोह



मनेन्द्रगढ़। हौसलों से उड़ान होती है, सच्ची दोस्ती से ही पहचान होती है, सब कुछ मिल जाता है जब हमारी दोस्ती में जान होती है।

इसी संदेश के साथ मनेन्द्रगढ़ हायर सेकेंडरी स्कूल के वर्ष 1984 बैच के मित्रों का सातवां मिलन समारोह बिरौली स्थित निर्मल छाया नेचर रिसोर्ट में हर्षोल्लास और यादों के सागर में डूबते-उतराते हुए संपन्न हुआ। यह आयोजन वर्ष 2007 से निरंतर जारी परंपरा का हिस्सा है, इससे पहले मित्रों का यह मिलन शिवतराई, अमृतधारा, बांधवगढ़, कान्हा-किसली, अचानकमार्ग, ईब-वेळी और शिरपुर जैसे रमणीय स्थलों पर आयोजित हो चुका है। इस वर्ष का आयोजन बिरौली में हुआ, जिसमें कोलकाता, गाजीपुर, दिल्ली, दुर्ग, कोरबा, बिलासपुर, जबलपुर और मनेन्द्रगढ़ से मित्र शामिल हुए।

मिलन समारोह का शुभारंभ ढोल-नगाड़ों की गूंज और पारंपरिक स्वागत परंपरा से हुआ। पहले सत्र में परिचय हाल समाचार के रूप में मित्रों ने एक-दूसरे से जुड़ी पुरानी यादों को साझा किया। दूसरे सत्र में गीत, गजल, चुटकुले, नृत्य और गानों की प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। साथ ही तम्बोला गेम ने कार्यक्रम को और भी रोचक बना दिया।

## जिला क्रिकेट संघ कोरिया ने ट्रायल की तिथियां की घोषित

मनेन्द्रगढ़। छग क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार जिला क्रिकेट संघ कोरिया द्वारा आगामी क्रिकेट ट्रायल की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। अंडर-14 और अंडर-19 वर्ग के ट्रायल संपन्न हो चुके हैं। अब अंडर-16 वर्ग का ट्रायल जो पूर्व में 14 सितंबर को होना तय था, उसे आगे बढ़ाकर 6 सितंबर को रखा गया है। वहीं अंडर-23 और सीनियर वर्ग के ट्रायल 7 सितंबर को आयोजित किए जाएंगे। सभी ट्रायल आत्मानंद खेल मैदान, मनेन्द्रगढ़ में सुबह 9 बजे से प्रारंभ होंगे। इन ट्रायल में छग क्रिकेट संघ के ऑब्जर्वर तथा जिला क्रिकेट संघ कोरिया की कमेटी के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह रैना, सचिव आशीष अग्रवाल, चयनकर्ता विनोद जायसवाल, अमित चावड़ा, शारदा मरावी, अखंड प्रताप सिंह और सहयोगी के रूप में रमणीक सिंह रैना, किसन केवट व शेख अजीम अकरम उपस्थित रहेंगे।




